दूरभाष : 05413-222653

सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

चकिया, चन्दौली - 232103 (उत्तर प्रदेश)

e-mail : sbfgpgcollege@gmail.com

Website : www.sbfgc.org.in

पत्रांक : ...जे.सी.पी./2020-21 दिनांक : 14.6.2020

आज दिनांक 14 जून 2020 को सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चकिया–चन्दौली में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अन्तर्गत 'देखो अपना देश' थीम पर वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं द्वारा 'भारतीय इतिहास विरासत एवं संस्कृति' विषय पर विचार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री पवन कुमार सिंह के द्वारा अतिथि स्वागत व कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ0 अमित कुमार सिंह, (असि0 प्रो0–समाजशास्त्र) राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी, चित्रकूट द्वारा 'भारतीय परिवार के स्वर्णिम इतिहास' विषय पर विचार व्यक्त किया गया। इनके द्वारा भारतीय परिवार की उत्पत्ति व बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान करोना काल में परिवार की नई भूमिका को हमारे समक्ष रखा गया। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 सन्तोष कुमार यादव ने 'भक्ति आन्दोलन भारतीय–संस्कृति विरासत' विषय पर व्याख्यान देते हुए भक्ति आन्दोलन के न सिर्फ भक्तिगत पक्ष बल्कि इसके सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला तथा बताया करोना काल में जब धार्मिक स्थलों तक हमारी पहुंच सीमित है तब कबीर जैसे संत के आध्यात्मिक विचार आवश्यकताओं की पूर्ति में किस प्रकार सहायक है। प्राचार्य डॉ. संगीता सिन्हा जी द्वारा भारतीय इतिहास व संस्कृति के विभिन्न पहलुओं की जानकारी में 'देखो अपना देश' कार्यक्रम की महत्तवपूर्ण भूमिका बताते हुए वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया तथा आपके द्वारा सभी से करोना महामारी से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतने क अनुरोध किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 अशोक प्रियदर्शी, डॉ0 सरवन कुमार यादव, श्री रमाकान्त गौड़, डॉ0 प्रियंका पटेल, डॉ0 मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ अमिता सिंह, डॉ. सन्तोष कुमार यादव, श्री अनिल कुमार सिंह, श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, तथा छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे उक्त कार्यक्रम जूम एप पर आयोजित किया गया।

भवदीय

Sangita Sinha 14/6/2020

प्राचार्य

प्राचार्य
सा0बा0फु0राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चकिया(चन्दौली),उ0प्र0
पिन कोड–232103